विषय-हिन्दी (द्वितीय भाषा)

समय - 3 घण्टे **कक्षा-नौवीं वार्षिक परीक्षा- 2023** **कुल अंक -75+5 (सुंदर लिखाई) = 80**

(भाग-क)

प्रश्न -I (i) निम्नलिखित बहु-वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें:- **(4x1=4)**

1- मौखिक भाषा भाषा की आधारभूत इकाई क्या है?

(क) ध्वनि (ख) लिपि (ग) व्याकरण (घ) वाक्य

2- निम्नलिखित में से रोमन लिपि में लिखी जाने वाली भाषा का नाम लिखिए?

(क) फारसी (ख) नेपाली (ग) फ्रेंच (घ) पंजाबी

3- आ+श्+च्+अ+र्+य्+अ वर्ण-विच्छेद के लिए निम्नलिखित में से कौन सा शब्द उचित है?

(क) आचार्य (ख) आराध्य (ग) आश्चर्य (घ) आचार

4- लेखन में प्रयोग किए जाने वाले लिपि चिह्नों के व्यवस्थित रुप को क्या कहा जाता है?

(क) व्यंजन (ख) वर्तनी (ग) लिपि (घ) स्वर

(ii) निम्नलिखित बहु-वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें:- **(4x1=4)**

1- कबीर के अनुसार ईश्वर किस के हृदय में वास करता है?

(क) अमीर व्यक्ति के (ख) गरीब व्यक्ति के (ग) सच्चे व्यक्ति के (घ) झूठे व्यक्ति के

2- मुश्किल काम करके कर्मवीर व्यक्ति दूसरों के लिए क्या बन जाते हैं?

(क) निकम्मे (ख) हँसी का पात्र (ग) मज़ाक (घ) उदाहरण

3- पेड़ ने क्या सीख प्राप्त की है?

(क) जीवन अमर है (ख) मरण ही धर्म है (ग) वह बहुत बड़ा है (घ) उसकी जड़ें खो गई हैं

4- 'पाँच मरजीवे' कविता में दशम नानक किसे कहा गया है?

(क) गुरु नानक देव जी (ख) गुरु अर्जन देव जी (ग) गुरु गोबिन्द सिंह जी (घ) गुरु तेग बहादुर जी

(iii) निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें व दिए गए बहु-वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें:- **(4x1=4)**

यहीं कहीं पर बिखर गई वह,भग्न विजय माला-सी ।उसके फूल यहाँ संचित हैं, है यह स्मृति शाला-सी ।।
सहे वार पर वार अन्त तक, लड़ी वीर बाला-सी ।आहुति-सी गिर चढ़ी चिता पर, चमक उठी ज्वाला-सी ।।

1- पद्यांश में किसके फूल संचित होने की बात कही गयी है?

(क) अंग्रेज़ अफ़सर के (ख) रानी लक्ष्मी बाई के (ग) रानी जोधा बाई के (घ) राजा लक्ष्मण सिंह के

2- वीर बाला अन्त तक किसके खिलाफ लड़ती हुई शहीद हुई?

(क) मुग़लों के (ख) मराठों के (ग) राजपूतों के (घ) अंग्रेज़ों के

3- पद्यांश में 'स्मृति शाला' शब्द का पर्यायवाची शब्द कौन सा है?

(क) पाठ शाला (ख) यादगार (ग) उद्यान (घ) अजायबघर

4- पद्यांश में 'आहुति' शब्द का क्या अर्थ है?

(क) बलिदान (ख) अकूत (ग) अहंकार (घ) अद्वितीय

(iv) निम्नलिखित बहु-वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें:- **(3x1=3)**

1- मुहावरा 'अकल चकराना' का क्या अर्थ है?

(क) अक्लमंद होना (ख) कुछ समझ में न आना (ग) बेईमानी करना (घ) होश आना

2- 'लगातार होना' निम्नलिखित में से किस मुहावरे का अर्थ है?

(क) ताँता बँधना (ख) ढोल की पोल (ग) तलवे चाटने (घ) झख मारना

3- 'मुसीबत पड़ने पर प्रयत्नशील होना' निम्नलिखित में से किस लोकोक्ति का अर्थ है?

(क) जान है तो जहान है (ख) नाच न जाने आँगन टेढ़ा

(ग) आग लगने पर कुआँ खोदना (घ) ऊँची दुकान फीका पकवान

(v) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :- **(5×1=5)**

यह संसार क्षणभंगुर है।इसमें दुःख क्या और सुख क्या? जो जिससे बनता है,वह उसी में लय हो जाता है-इसमें शोक और उद्वेग की क्या बात है? यह संसार जल का बुदबुदा है,फूटकर किसी रोज़ जल में ही मिल जायेगा,फूट जाने में ही बुदबुदे की सार्थकता है।जो यह नहीं समझते, वे दया के पात्र हैं। रे मूर्ख लड़की, तू समझ। सब ब्रह्माण्ड ब्रह्मा का है और उसी में लीन हो जायेगा।इससे तू किसलिए व्यर्थ व्यथा सह रही है? रेत का तेरा भाड़ क्षणिक था, क्षण में लुप्त हो गया,रेत में मिल गया।इस पर खेद मत कर, इससे शिक्षा ले।जिसने लात मारकर उसे तोड़ा है, वह तो परमात्मा का केवल साधन मात्र है।परमात्मा तुझे नवीन शिक्षा देना चाहते हैं।लड़की,तू मूर्ख क्यों बनती है?परमात्मा की इस शिक्षा को समझ और परमात्मा तक पहुँचने का प्रयास कर।

1- लेखक के अनुसार यह संसार पानी का बुदबुदा है। (हाँ/नहीं)

2- लड़की को किस बात पर खेद था?

3- लेखक ने किसे परमात्मा का केवल साधन मात्र कहा है?

4- 'क्षणिक' शब्द का अर्थ है :- अधिक समय तक। (सही/ग़लत)

5- उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक क्या होगा?

(vi) निम्नलिखित बहु-वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें:- **(6x1=6)**

1- 'दंड' शब्द का निम्नलिखित में से सही वर्ण विच्छेद चुनें :-

(क) द+अं+डं+अ (ख) दं्+अ+ड्ं+अ (ग) दं+अ+ड+अं (घ) द्+अं+ड्+अ

2- मिलान करें

क् + अ +क् + ष् + आ

ककषा
कक्षा
कषका
कक्षका

3- तत्सम शब्द 'अग्नि' का तद्भव शब्द होगा :- (आधा/आग)

4- शब्द के शुरु में जुड़कर उसके अर्थ में विशेषता लाने वाले शब्द__________कहलाते हैं। (उपसर्ग/प्रत्यय)

5- मूल शब्द 'अपेक्षित' का सही प्रत्यय क्या है? (अपेक्षा + इत/ अपे + क्षित)

6- (!)_________चिह्न को कोष्ठक चिह्न के अन्दर रखा गया है। (अल्पविराम/ विस्मयादिबोधक)

(vii) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दें:- **(4x1=4)**

1- 'रैपलिंग' का क्या अर्थ है?

2- ग्राहकों को किस तरह अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाता है?

3- शिवाजी पर-स्त्री को किसके समान मानते थे?

4- पवन देव ने ऑक्सीजन कम होने का क्या कारण बताया?

(भाग-ख)

प्रश्न -II निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में दें:- **(3x2=6)**

1- नीरु की माँ उसे घर के काम करने से क्यों रोकती थी?

2- नैरोबी के अस्पताल से आए पत्र को पढ़कर पत्नी परेशान क्यों हो गई?

3- शाम को चिड़िया लेखक के कमरे में कैसे पधार जाती थी?

4- नशा करने से कौन-कौन सी भयंकर बीमारियाँ होती हैं?

5- वन किस प्रकार हमारे लिए लाभकारी हैं?

प्रश्न -III निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर छह-सात वाक्यों में दें:- **(3x4=12)**

1- 'पंच परमेश्वर' कहानी का उद्देश्य क्या है ?

2- 'नींव की ईंट' पाठ के आधार पर बताएँ कि समाज की आधारशिला क्या होती है?

3- आशुतोष के किन कथनों और कार्यों से संकेत मिलता है कि उसने पाज़ेब नहीं चुराई थी?

4- आपको शहीद मदन लाल ढींगरा के जीवन से क्या प्रेरणा मिलती है?

5- 'शिवाजी का सच्चा स्वरुप' एकांकी के आधार पर शिवाजी का चरित्र चित्रण कीजिए।

(भाग-ग)

प्रश्न -IV निम्नलिखित पंजाबी वाक्यों में से किन्हीं पाँच वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद करें। **(5x2=10)**

1. ਪੰਜਾਬ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਵਿੱਚ ਹੈ।
2. ਦਿਵਾਲੀ ਕੱਤਕ ਦੀ ਮੱਸਿਆ ਦੀ ਰਾਤ ਨੂੰ ਮਨਾਈ ਜਾਂਦੀ ਹੈ।
3. ਇਤਿਹਾਸਿਕ ਸਥਾਨਾਂ ਦੀ ਯਾਤਰਾ ਨਾਲ ਸਾਡੇ ਗਿਆਨ ਵਿੱਚ ਵਾਧਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ।
4. ਛੱਬੀ ਜਨਵਰੀ ਅਤੇ ਪੰਦਰਾਂ ਅਗਸਤ ਸਾਡੇ ਕੌਮੀ ਤਿਉਹਾਰ ਹਨ।

5, ਸਾਡੇ ਹਿਰਦੇ ਵਿੱਚ ਆਪਣੀ ਮਾਂ-ਬੋਲੀ ਲਈ ਪਿਆਰ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

6. ਮਿਠਾਸ ਅਤੇ ਨਿਮਰਤਾ ਸਾਰੇ ਗੁਣਾਂ ਦਾ ਨਿਚੋੜ ਹੈ।
7. ਘਰ ਵਾਂਗ ਸਕੂਲ ਵਿੱਚ ਵੀ ਸਫ਼ਾਈ ਬਹੁਤ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ।
8. ਜਨਸੰਖਿਆ ਦੇ ਵੱਧਣ ਨਾਲ ਬੇਰੁਜ਼ਗਾਰੀ ਵੀ ਵੱਧ ਰਹੀ ਹੈ।

(भाग-घ)

प्रश्न -V निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखें। **(7x1=7)**

स्टेडियम में क्रिकेट मैच देखने के लिए अपने चाचा जी को पत्र लिखें।

अथवा

अपनी सहेली को सर्दियों की छुट्टियां अपने घर पर बिताने के लिए पत्र लिखें।

(भाग-ङ)

प्रश्न -VI निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें। **(10x1=10)**

जल के प्रयोग में व्यावहारिकता

अथवा

हिन्दी भाषा की उपयोगिता

अथवा

दहेज प्रथा एक सामाजिक कलंक

XXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXXX